wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 | अंक-26 | सागवाड़ा, सोमवार, 20 सितम्बर, 2021 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# 80 हजार रुपए का मौताणा तय होने के बाद 38 घंटे बाद पोस्टमार्टम करवाया

## 18 सितंबर की रात को कनबा गांव के पास दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंतमें एक युवक की मौत का मामला

**डूंगरपुर।**

बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में 18 सितंबर की रात को कनबा गांव के पास दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत के बाद एक यूवक की मौत के बाद परिजन मौताणे पर अड़ गए। 80 हजार रुपए का मौताणा तय होने के बाद 38 घंटे बाद पोस्टमार्टम करवाया गया।

हादसे में मौताणा देने वाले परिवार का बेटा भी घायल हुआ था। जिसका उदयपुर अस्पताल में इलाज चल रहा है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। बेटे की मौत के बाद परिजन मौताणे की मांग को लेकर पोस्टमार्टम नहीं करवाने पर अड़ गए। दोनों पक्षों में समझौता वार्ता चलती रही। 38 घंटे बाद आज सुबह एक बार फिर दोनों पक्षों में मौताणे की राशि पर वार्ता का दौर चला। आखिरकार इसके बाद 80 हजार रुपए मौताणा तय हो गया।

मृतक प्रकाश कोटेड के भाई कावा पुत्र बदा पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मौताणा हादसे में घायल राकेश पटेल के परिजनों से लिया गया है, जबकि राकेश भी घायल है और वह उदयपुर अस्पताल में भर्ती है।

### दो बाइक की टक्कर में मौत

बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में 18 सितंबर की रात को कनबा गांव के पास दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई थी। हादसे में गुजरात के अंबाजी धाम के दर्शन के लौट रहे प्रकाश कोटेड (24) निवासी नलवा की मौत हो गई। उसकी बाइक पर बैठे महिपाल कटारा निवासी नलवा और दूसरी बाइक सवार राकेश पटेल निवासी घड़माला घायल हो गया था। हादसे के बाद मृतक प्रकाश कोटेड के शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया था।

## 57 घंटे घंटे बाद आरएसी जवान का अंतिम संस्कार, मौताणे की 5 लाख रुपए की नकद राशि लेने पर अड़े थे परिजन

### सुबह से चल रहा था वार्ता का दौर,शाम को सहमति बनने पर शव उठाया

**डूंगरपुर।** आरएससी जवान रमेश लिम्बात की हत्या के मामले में सोमवार शाम 57 घंटे बाद अंतिम संस्कार किया गया। 5 लाख मौताणा राशि तय होने के बाद रविवार को पोस्टमार्टम करवाया गया था। इसके बाद परिजनों ने वापस हंगामा कर दिया और शव को अस्पताल में छोड़कर गांव आ गए। आज सुबह से वापस वार्ता का दौर चला। शाम करीब 3 बजे परिजनों से समझाइश अंतिम संस्कार करवाया गया। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर अब भी गांव में डटी हुई है और हर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के शिशोद गांव के रहने वाले आरएसी जवान रमेश लिम्बात की घर में घुसकर 17 सितंबर की रात को हत्या कर दी थी। इसके बाद परिजन मौताणे की मांग करने लगे। रविवार को 5 लाख के मौताणे पर समझौते के बाद पोस्टमार्टम करवाया गया। इसके बाद परिजनों व ग्रामीणों ने वापस हंगामा खड़ा कर दिया। मौताणे की नगद राशि की मांग करने लगे। एक बारगी तो गांव में तनाव का माहौल बढ़ गया। पुलिस परिजनों से शव के अंतिम संस्कार को लेकर समझाइश करती रही। शव डूंगरपुर जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखा रहा। आज शाम सहमति बनने पर पुलिस और परिजन डूंगरपुर अस्पताल पहुंचे। जहां से परिजनों को शव सौंपा गया। इसके बाद परिजन शव को लेकर शिशोद गांव पहुंचे और अंतिम संस्कार किया गया। बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल गांव में तैनात है और निगरानी रखे हुए है।

## पटवार संघ उपशाखा सीमलवाड़ा ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सीमलवाड़ा।** राजस्थान पटवार संघ उपशाखा सीमलवाड़ा ने अपनी मांगों को लेकर उपखंड कार्यालय में प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राजस्व सेवा परिषद का निस्तारण करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया कि 3 वर्षों से सरकार की उदासीनता एवं संवाद हीनता के कारण लंबित मांगों पर कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं होने से समस्त राजस्व सेवा परिषद में भारी रोष व्याप्त है। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान राजस्व सेवा परिषद के साथ समय-समय पर हुए समझौतों के अनुसार पटवारी, भू अभिलेख निरीक्षक, नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार के वेतनमान में सुधार किया जाए। 3 जुलाई 2021 में हुए समझौते के अनुसार पटवारी की सेवा अवधि पूर्ण करने पर वेतन श्रंखला परिवर्तन करने एवं नायब तहसीलदार के पद को राजपत्रित अधिसूचित करते हुए पद को शत प्रतिशत पदोन्नति से भरने एवं तहसीलदार पद 50 प्रतिशत पदोन्नति से एवं 50 प्रतिशत सीधी भर्ती से भरने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि मांगे पूरी नहीं होने पर 27 सितंबर को 1 दिन का पेन डाउन कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके बावजूद मांग पत्र निस्तारण नहीं होने पर प्रशासन गांव के संग अभियान, प्री केंपो में उपस्थित रहकर असहयोग किया जाएगा।

## मछली पकड़ने के जाल में एक कोबरा सांप फंस गया

**डूंगरपुर।** जिले के चकमहुडी गांव में आज एक घर के आंगन में मछली पकड़ने के जाल में एक कोबरा सांप फंस गया । मामले के अनुसार चक महुडी निवासी रमेश गमेती सुबह उठा तो देखा की घर के आंगन में एक पेड़ के पास मछली पकने का जाल रखा हुआ था और उस जाल में एक कोबरा सांप फंसा हुआ था । रमेश ने मामले की जानकारी स्नेक केचर ललित श्रीमाल को दी। सुचना पर स्नेक केचर ललित श्रीमाल मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद कोबरा सांप को रेस्क्यु कर एक डब्बे में बंद किया । वही उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में मुक्त कर दिया ।

## एडीएम ने अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक ली

**डूंगरपुर।** जिले के एडीएम कृष्णपाल सिंह चौहान ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की सासाहिक बैठक ली । बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे । बैठक में एडीएम कृष्णपाल सिंह चौहान ने प्रशासन गाँवों के संग व प्रशासन शहरो के संग अभियान के तहत लगाए जा रहे प्री शिविरों की प्रगति की जानकारी ली । जिसमे उन्होंने प्री शिविरों में आये आवेदनों व समस्याओं के साथ उनके निस्तारण के लिए की गई कार्रवाई के बारे में अधिकारियो से जानकारी ली। साथ ही प्री शिविरों की सूचनाये अपडेट नहीं करने वाले अधिकारियो को प्रतिदिन की रिपोर्ट अपडेट करने के निर्देश दिए। वही बैठक में एडीएम ने आज से स्कूलों में शुरू हुई कक्षा 6 से 8 वी तक की कक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियो को सरकार की गाइड लाइन के अनुसार कक्षाए चलाने के निर्देश दिए। वही स्कूल में कोरोना गाइड लाइन के तहत सोश्यल डिस्टेंसिंग, मास्क सेनेटाइजर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सागवाड़ा के 5 कालेज स्टूडेंट्स ने 3 महीनों में 12 से ज्यादा चोरी की वारदात को दिया अंजाम

### कारण- मौज-मस्ती के लिए रुपए कम पड़ने पर बनाई चोरी की योजना, पुलिस के हत्थे चढ़े

**सागवाड़ा।**

सागवाडा एक निजी कॉलेज में के स्टूडेंट पांच दोस्तों ने मौज-मस्ती के रुपयों के लिए चोरी करना शुरू कर दिया। पांचों ने 3 महीने में 12 से ज्यादा वारदात को अंजाम दिया। 30 हजार से ज्यादा का कैश और हजारों का सामान चोरी किया।11 सितंबर को भेमई गांव में तीन दुकानों के ताले तोड़कर सामान और हजारों की नगदी चोरी कर भाग गए। पूछताछ में बताया कि मोबाइल रिचार्ज, बाइक में पेट्रोल डलवाने और शराब पीने के रुपए नहीं होने पर चोरी करना शुरू किया था। आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के नाम भी उजागर किए है। पुलिस उनकी तलाश कर रही हैं।चितरी थानाधिकारी गोविंद सिंह ने बताया कि 11 सितंबर को भेमई गांव में तीन दुकानों के ताले टूटे थे। दुकानों से हजारों की नकदी और सामान चोरी हो गया था। आरोपियों को पकड़ने के लिए एएसआई नरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल बलभद्र सिंह, दिग्विजय सिंह, पंकज लबाना, रमणलाल, कांस्टेबल प्रहलाद सिंह, लोकेश, पंकज, बंशीलाल, जितेंद्र व सुभाष की टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम को जांच करते हुए कई अहम सुराग हाथ लगे। पुलिस ने आरोपियों पर निगरानी रखते हुए सुरेश पुत्र थानेश्वर रोत (21), पंकज पुत्र सोहन रोत (23), रवि उर्फ राजेंद्र पुत्र राजमल बामणिया (19), रोहित पुत्र रामलाल ननोमा (21) निवासी जोधपुरा व संजय पुत्र शंकर डामोर मीणा (21) निवासी खड़गदा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने चितरी, सागवाडा व ओबरी थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात करना कबूल किया। पांचों दोस्त साथ रहते और घूमते फिरते थे। मौज-मस्ती के रुपए नहीं होने पर चोरी की वारदात करना शुरू कर दिया।

## ठेला व्यापारी रहे हड़ताल पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**सागवाड़ा ।** नगरपालिका प्रशासन द्वारा सड़क के किनारे ठेला लगाकर व्यवसाय करने वाले सब्जी विक्रेताओं को एक जगह खड़ा करने की कवायद शुरू करने पर ठेला व्यवसायियों ने सोमवार को अपना कार्य बंद कर हड़ताल पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ठेला लगाकर सब्जी बेचने वाले व्यापारियों में एसडीएम राजीव द्विवेदी को दिए ज्ञापन में बताया कि गमोटवाड़ा मार्ग पर भाटिया बिल्डिंग के पास पालिका प्रशासन द्वारा उन्हें खड़े रहने के लिए जगह उपलब्ध करवाई गई है। जहां धूप और बारिश से बची है कि ना तो व्यवस्था है नाही रात्री में लाइट की व्यवस्था है। वही ठेला व्यवसायियों ने बताया कि एक बार यहां काबिल हो जाने के बाद पालिका प्रशासन कुछ समय बाद उन्हें अन्य खड़े रहने के लिए ना कहे। व्यवसाई यो ने बढ़िया बिल्डिंग के पास उपलब्ध कराई गई जमीन पर लाइट की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही साफ सफाई कराने की मांग की है।

## 26 सितम्बर को जिले के 177 केन्द्रों पर होने वाली रीट परीक्षा को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

**डूंगरपुर।** जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला की अध्यक्षता में आज जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय रीट परीक्षा संचालन समिति की बैठक आयोजित हुई । बैठक में एसपी सुधीर जोशी, एडीएम कृष्णपाल सिंह चौहान सहित सभी उपखंड अधिकारी और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने 26 सितम्बर को जिले के 177 केन्द्रों पर होने वाली रीट परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियो से चर्चा की।

इस दौरान कलेक्टर ओला ने कहा की जिले में करीब 35 हजार अभ्यर्थी रीट की परीक्षा देंगे जिसमे बाहरी जिलो से भी हजारो की संख्या में अभ्यर्थी आयेंगे । जिसको लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को परीक्षा केन्द्रों का एक रूट मेप बनाने के निर्देश दिए ताकि अन्य जिलो से आने वाले लोगो को परीक्षा केंद्र तक पहुँचने में दिक्कत न हो। वही उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियो को उनके क्षेत्र में दूरस्थ परीक्षा केन्द्रों तक अभ्यर्थियो को पहुँचाने के लिए भी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । साथ ही जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारियो को अपने-अपने क्षेत्र में स्वयम सेवी संस्थाओं व भामाशाहो से सम्पर्क कर बाहर से आने वाले परिक्षार्थियो के ठहरने, खाने-पीने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए ।

## दस लक्षण पर्व समापन पर निकली गंधकूटी शोभायात्रा

### आचार्य अनुभव सागरजी महाराज ससंघ सानिध्य में हुआ तपस्वियो का पारणा



**सागवाड़ा।** 10 लक्षण पर्यूषण महापर्व के समापन अवसर पर सोमवार को स्थानीय श्री आदिनाथ दिगंबर जैन जूना मंदिर में आचार्य अनुभव सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में मूलनायक आदिनाथ भगवान का महा अभिषेक एवं शांति धारा की गई। साथ ही मंदिर जी में स्थापित आचार्य भट्टारक सकल कीर्ति महाराज की गादी का परिवर्तन किया गया इसके बाद पारसनाथ भगवान की प्रतिमा को गंधकुटी रजत पालकी में विराजित कर शोभायात्रा निकाली। गई जो कसारा चौक पारसनाथ चौक मांडवी चौक होते हुए दिगंबर जैन बोर्डिंग पहुंची। समाज के प्रतिष्ठाचार्य विनोद पगारिया ने बताया कि जैन बोर्डिंग के वात्सल्य सभागार मे आचार्य संघ सानिध्य में 10 लक्षण महापर्व पर 10 उपवास करने वाले तपस्वियों का सामूहिक पारणा महोत्सव हुआ । इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए आचार्य अनुभव सागर जी ने कहा कि तप करने से कर्मों की निर्जरा होती है तप की प्राप्ति हेतु देव भी तरसते हैं तपश्चरण मनुष्य पर्याय में ही संभव है। शिखर रूपी कर्म जो प्रतिपल बंधते हैं वे तप रूपी हथौड़े से ही चूर होते हैं 10 उपवास कर्ताओं ने अपनी आत्मा की शुद्धि हेतु जो तप किया है वह उनके जीवन में असीम ऊर्जा का संचार करके पुण्य का कारक होगा।

## नाबालिग 12 वीं की छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में पोक्सो कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**डूंगरपुर।** जिले की पोक्सो कोर्ट ने नाबालिग 12 वीं की छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वही दोषी पर एक लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। विशिष्ठ लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया की एक अगस्त 2019 को पीडिता के पिता ने सदर थाने में रिपोर्ट दी थी । 29 जुलाई 2019 को पालवडा निवासी मनीष उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर उसका अपहरण कर ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था । पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी मनीष को गिरफ्तार करते हुए नाबालिग को दस्तयाब किया था । वही पुलिस ने मामले में पोक्सो कोर्ट में चालान पेश किया था । इसी मामले में पोक्सो कोर्ट ने आज अंतिम सुनवाई करते हुए पालवडा निवासी आरोपी मनीष को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई वही दोषी पर एक लाख 10 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

## चौबीसा फिर बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**सागवाड़ा।**

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का दो दिवसीय प्रदेश महासमिति अधिवेशन श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुर जयपुर में आयोजित हुआ द्य जिला मंत्री कन्हैया लाल व्यास ने बताया कि प्रदेश अधिवेशन में प्रदेश कार्यकारिणी के निर्वाचन, निर्वाचन अधिकारी भगवान सहाय कुमावत व संरक्षक मंडल के मार्गदर्शन में निर्विरोध संपन्न हुए द्य जिसमें प्रदेश अध्यक्ष संपत सिंह सीकर, अरविंद व्यास चित्तोड़, महामंत्री अरुणा शर्मा जयपुर, सुषमा पुरोहित महिला उपाध्यक्ष मनोनीत हुए द्य प्रदेश कार्यकारिणी में उदयपुर संभाग से डॉक्टर ऋषिन चौबीसा डूंगरपुर के लगातार दूसरी बार माध्यमिक शिक्षा उपाध्यक्ष बनने पर डूंगरपुर जिले के शिक्षकों में खुशी की लहर छा गई तथा निर्वाचन स्थल पर उपस्थित जिला अध्यक्ष बलवंत बामणिया, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जोशी व देवीलाल पाटीदार ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए डॉक्टर चौबीसा का अभिनंदन किया द्य कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष उदयपुर मंडल अभय सिंह राठौड़, उप सभाध्यक्ष राजेश्वर त्रिपाठी व संस्कृत शिक्षा उपाध्यक्ष नटवरलाल पंचाल भी निर्वाचित हुए।

## श्रीमाल को पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंच का प्रदेश संगठन मंत्री एवं जितेन्द्र सिंह पीठ को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया



**डूंगरपुर।**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंच मंच की संस्थापिका एवं राष्ट्रीय संरक्षिका मधु शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद शुक्ला ने जिला अध्यक्षों और प्रदेश कार्यकारिणी में विस्तार की घोषणा की है। जिसके तहत डूंगरपुर के मुकेश श्रीमाल को मंच का प्रदेश संगठन मंत्री और जितेन्द्र सिंह पीठ को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है।यह जानकारी प्रदेश आई टी सेल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश पुरोहित ने दी। इस अवसर पर मंच के संरक्षक गुरुप्रसाद पटेल, सभापति अमृतलाल कलासुआ, उपसभापति सुदर्शन जैन,भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोहर पटेल ने नव मनोनीत प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश श्रीमाल व जिला अध्यक्ष जितेन्द्र पीठ का उपरने से स्वागत किया। संरक्षक ने जिला कार्य कारिणी के विस्तार हेतु जिला अध्यक्ष को निर्देशित किया।इस अवसर पर पार्षद जयेश लोदावरा,एस सी मोर्चा जिला अध्यक्ष बृजेश वसीटा, भाजपा जिला मीडिया संयोजक किरनेश्वर चौबीसा, दशरथ खटीक, सरजीत मिश्रा, दीपक पंचाल उपस्थित हुए।

## मैंदला में प्लेसी बॉयोगैस यूनिट स्थापना का शुभारंभ

**रामसौर।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड आनन्द, सस्टेन प्लस फाउंडेशन और सिस्टेमा बायो के संयुक्त सहयोग से जन शिक्षा एवं विकास संगठन माडा द्वारा सीमलवाडा उपखंड क्षेत्र मेदला गांव में गुरुवार को फ्लेसी बायोगैस युनिट का शुभारंभ संस्था निदेशक देवीलाल व्यास के निर्देशन में हुआ। इस अवसर संस्थान के परियोजना प्रभारी रसिक पटेल ने बताया की दस गांवों के तहत 120 पशुपालक किसानों को फ्लेसी बायोगैस युनिट योजना के तहत अनुदानित दर पर बॉयो गैस यूनिट लगाई जाना प्रस्तावित है। जिसके तहत अब तक 45 पशुपालक किसानों को योजना के तहत जोड़ा गया है। साथ ही सयंत्र के तहत प्रतिदिन 50 किलो गौबर व 100 लीटर पानी के घोल से एक माह की घरेलु गैस तैयार की जा सकती है।

## कुछ संस्कार जन्म से प्राप्त होते हैं कुछ संस्कार सत्संग से प्राप्त होते हैं

### आचार्य महाश्रमण का भीलवाड़ा के तेरापंथ नगर, आदित्य विहार में चातुर्मास, सरसंघचालक मोहन भागवत ने लिया आशीर्वाद

**भीलवाड़ा।** आचार्य महाश्रमण ने भीलवाड़ा के तेरापंथ नगर, आदित्य विहार में चातुर्मास प्रवास के दौरान धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि - हमारे जीवन में तीन तत्वों का महत्व है विचार, आचार और संस्कार विचार व आचार दो नदी के समान है। इस पर संस्कार पुल का काम करता है। संस्कार आस्था का विषय है, अच्छे आचार, अच्छे विचार से व्यक्ति के संस्कार बदले जा सकते हैं । आचार्य ने श्रीमद् भगवत् गीता में वर्णित अर्जुन श्री कृष्ण संवाद को स्मरण करते हुए कहा है कि दुनिया में पाप बढ़ने के दो ही कारण है काम और क्रोध जिसके कारण व्यक्ति पाप की ओर अग्रसर होता है। मनुष्य राग, द्वेष, काम, क्रोध को नियंत्रित कर मनुष्यत्व की ओर बढ़ कर अपने पतन से बचाव कर सकता है। जीवन में स्वाध्याय के कारण ही हमारा संस्कार उच्च होता है, यह निरंतर अभ्यास से ही संभव है।

यदि अच्छे विचारों का प्रभाव संपूर्ण देश में फैलता है तो देश का गौरव पूरे विश्व में फैलता है। सच्चाई और अच्छाई जहां से मिले, जिस माध्यम से मिले, जिस तरीके से मिले हमें उसे ग्रहण करना चाहिए। अंत में उन्होंने कहा कि आस्था तथा आचार जीवन में महत्वपूर्ण तत्व है आत्मा जितनी निर्मल रहती है, व्यक्ति का आचार भी उतना ही निर्मल रहता है। हमारी तो पांच इंद्रियां है उनमें से दो इंद्रियां ज्ञान की पुष्टि के लिए है। देखना व सुनना यह दो इंद्रियां हमारे मन के अंदर जिस प्रकार की चीजें डालेगी हमारा आचार विचार उसी प्रकार से बनेगा। जिस प्रकार हमारा संकल्प होता है उसी प्रकार से हमारा आचरण बन जाता है। इस धर्म सभा में सरसंघचालक ने कहा कि गुरु का सानिध्य व आशीर्वाद पाकर शिष्य गुरु से दो कदम आगे बना रह सकता है इसका प्रयास गुरु द्वारा किया जाता है।

आचार्य श्री का कार्यक्षेत्र आध्यात्मिक है जो कि सभी बातों का आधार है। हमारा कार्य क्षेत्र मुख्यत: भौतिक संसार है। संसार में एक दूसरे के साथ आत्मीयता महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में भीलवाड़ा के तेरापंथ समाज द्वार सरसंघचालक जी का व उनके साथ पधारे सभी प्रमुख संघ के पदाधिकारियों का सम्मान स्मृति चिन्ह देकर किया।

## पालबड़ा गांव में एक युवती का लहूलुहान हालात शव मिला

**डूंगरपुर।**

जिले के सदर थाना क्षेत्र के पालबड़ा गांव में एक युवती का लहूलुहान हालात शव मिलने से सनसनी फैल गई। सरपंच की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। सदर थाना अधिकारी हजारीलाल ने बताया कि पालवाड़ा गांव निवासी 18 वर्षीय गुलाबी बोडात सुबह 5 बजे शौच जाने के लिए घर से निकली थी ओर वापस नही लौटी। इधर दोपहर बाद गुलाबी का शव घर से थोड़ी दूर एक मक्का के खेत में पड़ा मिला। मृतका के सिर पर चोट के निशान थे । ग्रामीणों की सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया । वही परिजनों व ग्रामीणों ने दुष्कर्म कर हत्या का अंदेशा जताया है । मृतका के पिता और भाई रोजगार के लिए अन्य जिलों में कार्यरत है ऐसे में परिजनों ने अभी तक पुलिस को रिपोर्ट नही दी है । कल परिजनों द्वारा रिपोर्ट दिए जाने के बाद आगे की कार्रवाई पुलिस की ओर से की जायेगी ।